उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

लिखित परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण सूचना

संख्याःपीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग)–03 / 2025 **दिनांकः मार्च 13 ,2026**

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 हेतु समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 के अनुक्रम में लिखित परीक्षा उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में दिनांक 14.03.2026(शनिवार) एवं 15.03.2026(रविवार) को दो–दो पालियों (प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक एवं अपरान्ह 3:00 बजे से सांयः 5:00 बजे तक) में आयोजित हो रही है।

2. उपरोक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यक निर्देशों को पढ़ने, उपस्थिति पत्रक भरने एवं अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उद्देश्य से निर्धारित परीक्षा अवधि के अतिरिक्त 05 (पाँच) मिनट का समय प्रदान किया जायेगा, जिससे कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामाना न करना पड़े।

3. उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में यह 05 (पाँच) मिनट का अतिरिक्त समय पूर्व से दिया जाता है तथा इस परीक्षा में भी दिया जायेगा।

4. इस सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देश पुस्तिका के माध्यम से पूर्व से ही आवश्यक निर्देश दिये जा चुके हैं।

5. यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

13.03.26

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक / अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।